**Regarding railway related issue of Jalore Parliamentary Constituency-Laid**

श्री लुम्बाराम चौधरी **(**जालौर**):** मेरे संसदीय क्षेत्र जालौर (राजस्थान) के रेलवे से संबंधित निम्नलिखित महत्यपूर्ण मुद्दों की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ :-

1. कोरोना काल के पूर्व जयपुर से अहमदाबाद चलने वाली लोकल 54805/ 54806 ट्रेन को पुनः शुरू किया जाए अथवा 19735 / 19736 जयपुर से मारवाड को अहमदाबाद तक विस्तार किया जाए ।

2. जयपुर-जोधपुर एक्सप्रेस 22977/78 का विस्तार जालौर तक किया जाए ।

3. सालासर ऐक्सप्रेस 22421/22422 तथा कामाख्या एक्सप्रेस 15623/15624 को गॉधीधाम वाया जालौर तक विस्तार किया जाए ।

4. बाडमेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 14805/14806 को सातों दिन चलाया जाए ।

5. पिंडवाड़ा स्टेशन पर आश्रम एक्सप्रेस, गरीबरथ एक्सप्रेस तथा बंगलौर एक्सप्रेस 16507/16508 का ठहराव दिया जाए ।

6. स्वरूपगंज स्टेशन पर हरिद्वार मेल आश्रम एक्सप्रेस, गरीबरथ एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाए ।

7. डी0 एम 0 यू0 (79437/79438,79431/79432) को फालना तक विस्तारित किया जाए ।

8. पिंडवाड़ा लेवल क्रोसिंग 104 पर आर यू बी का निमार्ण कार्य प्रारंभ किया जाए ।

9. बागरा-सिरोही-स्वरूपगंज नई रेललाइन के लिए स्वीकृत फाइनल लोकेशन सर्वे को जल्द से प्रारंभ कर सिरोही जिला केन्द्र को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाए ।

10. रानिवाडा स्टेशन पर अनुक्षरण सुविधा (यथा वाशिंग/पिट लाईन लोको पायलट विश्रामालय कोच वॉटर फिलिंग सिस्टम) स्थापित किया जाए ।

जालौर-भीनमाल स्टेशनों पर लगेज और पार्सल सुविधा को पुनः शुरू किया जाए ।